## 5. संयुक्त व्यंजन और संयुक्ताक्षर

हिंदी भाषा में वर्णों का बहुत महत्त्व है। क्योंकि इनके मेल से शब्द बनते हैं, वर्ण कई प्रकार के होते हैं।

- शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को बताएँ कि हिंदी वर्णमाला में कुछ वर्ण दो वर्णों के मेल से बनते हैं। इन्हें संयुक्त व्यंजन कहते हैं। इनकी संख्या चार है– क्ष, त्र, ज्ञ, श्र।
- बच्चों को बताएँ कि संयुक्त व्यंजनों का निर्माण दो स्वर रहित व्यंजनों के मेल से होता है।
- उन्हें पृष्ठ 32 पर चित्र दिखाकर इनके नीचे लिखे शब्दों का शुद्‌ध उच्चारण करना सिखाएँ। इन शब्दों का लिखित अभ्यास भी करवाएँ।
- पृष्ठ 33 पर संयुक्त व्यंजन की परिभाषा समझाएँ।
- प्रत्येक बच्चे पर ध्यान दें कि वह इसे भली-भाँति समझ पा रहा है या नहीं।
- बच्चों को पृष्ठ 33 पर संयुक्ताक्षर की परिभाषा समझाएँ। उन्हें संयुक्त व्यंजन और संयुक्ताक्षर में अंतर भी बताएँ।
- पृष्ठ 33 पर चित्र दिखाकर इनके नीचे लिखे शब्दों का शुद्‌ध उच्चारण सिखाएँ। साथ में इनका लिखित अभ्यास भी करवाएँ।
- पृष्ठ 34-35 पर दिया गया अभ्यास करने में बच्चों की सहायता करें।